संख्या-9/567/58-2014-509/2013(7)

प्रेषक,

जूथिका पाटणकर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1.संबंधित मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
2.संबंधित जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
3.निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उद्यान अनुभाग लखनऊ : दिनांक 04 मार्च, 2014

विषय :- वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु प्रदेश के उद्यान विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली फल पट्टी योजना का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विषयान्तर्गत मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के संलग्न पत्र सं0 353/52-3-2014-सा(30)/2013/दिनांक 17.02.2014 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से लक्ष्यों में न्यूनतम 20 प्रतिशत मात्राकरण कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश सं0 1533-52-3-2013-सा(30)/2013/दिनांक 24.08.2013 द्वारा निर्गत विस्तृत दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत अल्पसंख्यकों हेतु फिलहाल वर्ष 2013-14 के वार्षिक लक्ष्यों को आधार मानते हुए वित्तीय वर्ष 2014-15 हेतु अनन्तिम

http://shasanasesh.up.nic.in

लक्ष्यों का जनपदवार फॉट निर्धारित करते हुए शासनादेश निर्गत किये जाने की वांछना की गई है।

2. उक्त के क्रम में उद्यान विभाग द्वारा संचालित एवं उक्त पत्र दिनांक 17.02.2014 द्वारा चयनित फल पट्टी योजना के अन्तर्गत अल्पसंख्यकों हेतु जनपदवार निर्धारित अनन्तिम लक्ष्यों का फॉट संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

3. योजना में अल्पसंख्यकों हेतु निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। यदि किसी विशेष कारण से लक्ष्य प्राप्ति हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति तथा मुख्य सचिव के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात अल्पसंख्यकों के अवशेष लक्ष्य को अन्य समुदाय के लोगों से पूर्ण कर लिया जायेगा।

4**.** उपरोक्त योजना में समीक्षा हेतु निर्धारित प्रारूप की प्रति संलग्नक-ख के रूप में संलग्न है। इस प्रारूप पर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक वांछित विवरण/सूचना जनपद के जिलाधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त को तथा शासन के संबंधित विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। संबंधित विभाग, परीक्षणोपरान्त प्रत्येक माह की 12 तारीख तक संलग्नक - ग पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को संकलित रूप से विवरण उपलब्ध करायेंगे।

5. योजना से सम्बन्धित शासनादेश सं0 1533/52-2013-सा(30)/2013/दिनांक 24.08.2013 में निर्धारित अन्य शर्तों/प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

<u>संलग्नक-यथोक्त।</u>

भवदीया

(जूथिका पाटणकर)
प्रमुख सचिव।

http://shasanasesh.up.nic.in

<u>संख्या-9/567(1)/58-2014 तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 लखनऊ।
3. संबंधित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(विजय प्रताप सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanasesh.up.nic.in

फलपट्टी विकास योजना (आयोजनेत्तर) वर्ष 2014-15 का प्रस्तावित
भौतिक/वित्तीय लक्ष्य

क्र० सं०	जनपद का नाम	भौतिक लक्ष्य सा० कृषक	वित्तीय लक्ष्य सा० कृषक	भौतिक लक्ष्य अल्प सं० कृषक (20%)	वित्तीय लक्ष्य अल्प सं० कृषक (20%)	कुल भौतिक लक्ष्य	कुल वित्तीय लक्ष्य
	आम फलपट्टी						
1	सहारनपुर	8.4	21000	2.1	5250	10.5	26250
	सहारनपुर मण्डल योग	**8.4**	**21000**	**2.1**	**5250**	**10.5**	**26250**
2	मेरठ	8.8	22000	2.2	5500	11	27500
3	बागपत	8.8	22000	2.2	5500	11	27500
4	बुलन्दशहर	8.8	22000	2.2	5500	11	27500
	मेरठ मण्डल योग	**26.4**	**66000**	**6.6**	**16500**	**33**	**82500**
5	बदायूँ (अमरुद)	8	20000	2	5000	10	25000
	बरेली मण्डल योग	**8**	**20000**	**2**	**5000**	**10**	**25000**
6	जे0पी0नगर	12	30000	3	7500	15	37500
	मुरादाबाद मण्डल योग	**12**	**30000**	**3**	**7500**	**15**	**37500**
7	कौशाम्बी(अमरुद)	8	20000	2	5000	10	25000
8	आतापगढ़ (आम)	8.8	22000	2.2	5500	11	27500
	आतापगढ़(आंवला)	8	20000	2	5000	10	25000
	इलाहाबाद मण्डल योग	**24.8**	**62000**	**6.2**	**15500**	**31**	**77500**
9	वाराणसी	8	20000	2	5000	10	25000
	वाराणसी मण्डल योग	**8**	**20000**	**2**	**5000**	**10**	**25000**
10	लखनऊ	12	30000	3	7500	15	37500
11	उन्नाव	8.8	22000	2.2	5500	11	27500
12	सीतापुर	12	30000	3	7500	15	37500
13	हरदोई	8.8	22000	2.2	5500	11	27500
	लखनऊ मण्डल योग	**41.6**	**104000**	**10.4**	**26000**	**52**	**130000**
14	फैजाबाद	12	30000	3	7500	15	37500
15	बाराबंकी	8	20000	2	5000	10	25000
	फैजाबाद मण्डल	**20**	**50000**	**5**	**12500**	**25**	**62500**
	महायोग	**149.2**	**373000**	**37.3**	**93250**	**186.5**	**466250**

संबंधित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

संलग्नक–ग

विभाग का नाम :
योजना का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क0	जनपद का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
	योग :					

संबंधित विभाग द्वारा जनपदों से सूचना प्राप्त करने हेतु प्रपत्र

संलग्नक–ख

विभाग का नाम :

जनपद का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क0	योजना का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक कमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्ध कमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7